an>

Title: Need to expedite construction of railway line between Gangapur city and Dausa, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूँ। गंगापुर सिटी-दौसा रेलवे लाईन का कार्य काफी धीमा चल रहा है। मैंने इस विषय से कोटा मण्डल की मीटिंग में अधिकारियों को अवगत कराया। परंतु फिर भी इस कार्य में कोई तेजी नहीं हुई है।

गंगापुर सिटी में केवल एक ही फुट ओवर ब्रिज है जो कि बिना शैड का है। मैं मंत्री जी से मांग करता हूं कि गंगापुर सिटी में एक और नया फुट ओवर ब्रिज बनाया जाए और पुराने फुट ओवर ब्रिज पर शैड लगाई जाए।

गंगापुर सिटी-दौसा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12937 गरीब रथ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12443 बान्द्रा-कानपुर होलीडे, गाड़ी संख्या 19021 हरिद्वार-बलसाड, गाड़ी संख्या 12471 जम्मू-कटड़ा एक्सप्रेस इत्यादि गाड़ियों का ठहराव गंगापुर सिटी में किया जाए।

मैं मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त सभी गाड़ियों का ठहराव जल्द से जल्द करवाने की कृपा करें।